# ऐम०बी०डी० मॉडल प्रश्न-पत्र

## मॉडल प्रश्न-पत्र 1

**विषय : सामाजिक विज्ञान**
**कक्षा : X**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** | **कुल अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- प्रश्न-पत्र में कुल **26** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न क्रमांक **1** से **7** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।
- प्रश्न क्रमांक **8** से **18** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है।
- प्रश्न क्रमांक **19** से **25** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पाँच अंक का है।
- प्रश्न क्रमांक **26** पाँच अंक का मानचित्र (इतिहास तथा भूगोल) संबंधी प्रश्न है। मानचित्र को पूरा करने के बाद इन्हें अपनी उत्तर-पुस्तिका में नत्थी करें। प्रश्न का प्रत्येक भाग एक अंक का है।

**1.** संवाद कौमुदी नामक अखबार किसके द्वारा प्रकाशित किया गया? (1)

***अथवा***

हिन्दी का पहला उपन्यास कौन-सा था?

**2.** भारत का उत्तरी मैदान किस प्रकार की मृदा से बना है? (1)

**3.** हिमालयन यव कहाँ पाया जाता है? (1)

**4.** आर्थिक विकास से आप क्या समझते हो? (1)

**5.** उपभोक्ता आंदोलन के जन्मदाता कौन थे? (1)

**6.** प्राथमिक क्षेत्र की परिभाषा दें। (1)

**7.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम क्या अधिकार देता है? (1)

**8.** गांधी जी ने राष्ट्रीय एकीकरण तथा स्वतंत्रता के लिए अपने संघर्ष में किन-किन सामाजिक तत्वों का विरोध किया? कोई तीन लिखिए। (3)

**9.** शुरू-शुरू में छपी किताबों की मुख्य विशेषताएँ बताओ। (3)

***अथवा***

औद्योगीकरण के किन दोषों ने चार्ल्स डिकेंस को लिखने के लिए विवश किया?

**10.** किन्हीं दो देशों के संदर्भ में बताएँ कि उन्नीसवीं शताब्दी में राष्ट्र किस प्रकार विकसित हुए? (3)

***अथवा***

वियतनाम के बारे में फान यू त्रिन्ह का क्या उद्देश्य था? फान बोई चाऊ और उनके विचारों में क्या भिन्नता थी?

**11.** कार्न लॉ का संबंध किस खाद्यन्न से था? इसे क्यों समाप्त किया गया? (3)

***अथवा***

औद्योगीकरण के कोई तीन लक्षण बताए।

***अथवा***

पेरिस के हॉसमानीकरण के समर्थन में कोई तीन तर्क दीजिए।

**12.** 'कृषि और उद्योग' एक दूसरे के पूरक हैं। पाँच उदाहरण देकर स्पष्ट करें। (3)

**13.** 'एक देश के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव का सूचक है।' इस कथन की पुष्टि करें। (3)

**14.** अवसादी शैलों में खनिजों का निर्माण कैसे होता है? उदाहरण भी दें। (3)

**15.** भारत में लोकतंत्र के सफलतापूर्वक कार्य करने की आवश्यक शर्तें बताएँ। (3)

**16.** उन प्रावधानों का उल्लेख करें जो भारत को धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाते हैं। (3)



Model Test Paper (1-3).pmd 1 5/8/2018, 5:55 PM

**17.** धनी परिवारों के पास निर्धन परिवारों की अपेक्षा औपचारिक ऋणों का अधिक भाग क्यों होता है? (3)

**18.** ''एक के लिए जो विकास हो सकता है वह दूसरे के लिए विकास ना होकर विनाशकारी हो सकता है।'' व्याख्या करें। (3)

**19.** यूनानी स्वतंत्रता युद्ध पर टिप्पणी लिखें। (5)

***अथवा***

वियतनाम के केवल एक तिहाई विद्यार्थी ही स्कूली पढ़ाई सफ़लतापूर्वक पूरी कर पाते थे। कारण बताएँ।

**20.** संभाव्य तथा विकसित संसाधनों में अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)

**21.** ''भारत में स्त्रियों के साथ अभी भी भेदभाव होता है, जिसके कारण समाज में उनकी स्थिति में असमानता बनी हुई है।'' उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि करें। (5)

**22.** किस प्रकार भारत में लोकतंत्र स्थिर रह सका है? पाँच कारण बताएँ। (5)

**23.** भारतीय अर्थव्यवस्था में द्वितीयक क्षेत्र के महत्त्व के कोई पाँच बिंदु बताएँ। (5)

**24.** मुद्रा विनिमय प्रणाली वस्तु विनिमय प्रणाली से बेहतर कैसे है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। (5)

**25.** गन्ने की पैदावार के लिए किस प्रकार की भूगोलिक परिस्थितियों की आवश्यकता होती है? भारत में इस पैदावार कहाँ-कहाँ होती है? (5)

**26.** भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर क, ख, ग, घ व ङ द्वारा लक्षण दिखाए गए हैं। दी गई जानकारी की सहायता से इनकी पहचान कीजिए तथा प्रत्येक के साथ दी गई रेखा पर इनके ठीक-ठीक नाम लिखिए। (1+1+1+1+1=5)


(क) वह स्थान जहाँ गांधी जी ने नमक कानून तोड़ा था। (ख) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।




Model Test Paper (1-3).pmd 2 5/8/2018, 5:55 PM

उनके सही नाम मानचित्र में अंकित रेखाओं पर लिखिए–

(ग) मृदा प्रकार (घ) बाघ (टाइगर) आरक्षित क्षेत्र (ङ) कॉफी उत्पादक अग्रणी राज्य।



# मॉडल प्रश्न-पत्र 2

**विषय : सामाजिक विज्ञान**

**कक्षा : X**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **कुल अंक: 80**

**निर्देश:** इसके लिए मॉडल प्रश्न-पत्र–1 देखें।

1. डोनॉल्ड फ़राफे किस उपन्यास का चरित्र है? (1)

*अथवा*

हस्तलिखित पुस्तकों में सुलेखकों का क्या योगदान था?

2. तमिलनाडु तथा केरल में लाल लेटराइट मृदाएँ किस फसल के लिए अधिक उपयुक्त है? (1)
3. नेपाल का अंतिम राजा कौन था? (1)
4. नरेगा अधिनियम कब पारित हुआ? (1)
5. उपभोक्ता जागरूकता क्या है? (1)
6. उपभोक्ता संरक्षण में क्या है? (1)
7. नरेगा क्यों पारित हुआ? (1)
8. एक राष्ट्र के साथ जुड़े कोई तीन मूल्य बताइए। (3)
9. वियना कांग्रेस द्वारा यूरोप में किए गए किन्हीं तीन परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। (3)

*अथवा*

वियतनाम पर फ्रांसीसियों के अधिकार ने वियतनाम में राष्ट्रवाद के बीज किस प्रकार बोए?

10. प्रथम विश्व युद्ध के कारण यूरोप में कामकाजी उम्र के पुरुषों की मौत का क्या प्रभाव पड़ा? (3)

*अथवा*

कैरीबियाई द्वीप समूह में 'होसा के मेले' तथा चटनी म्यूजिक के बारे में संक्षिप्त जानकारी दें।

*अथवा*

बंबई की 'चॉल' इमारतें क्या थी? इनकी दो समस्याएँ बताएँ।

11. 19वीं शताब्दी में ब्रिटेन में सामाजिक बदलावों के बारे में चार्ल्स डिकेन्स ने क्या लिखा है? कोई तीन बिंदु लिखिए। (3)

*अथवा*

किताबों की बढ़ती माँग को पूरा करने में हस्तलिखित पांडुलिपियों की कोई तीन सीमाएँ लिखिए।

12. जल का संरक्षण क्यों आवश्यक है? कारण बताएँ। (3)
13. व्यापार की दृष्टि से परिवहन तथा संचार के साधनों का क्या महत्व है? (3)
14. भारत में जल संरक्षण तथा प्रबंधन की क्या आवश्यकता है? (3)
15. हमारे समाज में किस प्रकार सामाजिक अंतर उत्पन्न होते हैं? इसके तीन प्रकार बताएँ। (3)
16. लोकतांत्रिक देशों द्वारा सामना की जाने वाली आधारभूत चुनौती क्या है? (3)
17. भारतीय अर्थव्यवस्था में प्राथमिक क्षेत्र का क्या योगदान है? चर्चा करें। (3)
18. मुद्रा के उद्गम ने विनिमय प्रणाली के कौन-से दोषों को दूर किया है? (3)
19. 1848 की फ्रांसीसी क्रांति के संदर्भ में उदारवादियों ने किन राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक विचारों को बढ़ावा दिया? (5)

*अथवा*

वियतनाम की ट्रंग बहनों ने असाधारण देश-भक्ति का परिचय दिया। उदाहरण दीजिए।

20. भारत में रेल परिवहन की तुलना में सड़क परिवहन अधिक सुविधाजनक तथा महत्वपूर्ण हैं। क्यों? (5)
21. बांगर तथा खादर में अंतर स्पष्ट करें। (5)
22. संघीय सरकार की पाँच विशेषताओं का उल्लेख करें। (5)
23. भारत में वर्ग विशेषी हितसमूह के लक्षण बताएँ। (5)



Model Test Paper (1-3).pmd 4 5/8/2018, 5:55 PM

**24.** विभिन्न व्यक्तियों के विकास संबंधी विभिन्न विचार क्यों होते हैं? (5)


**25.** हमें भारत में ऋण के औपचारिक स्रोतों को बढ़ाने की आवश्यकता क्यों है? (5)

**26.** भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में क तथा ख द्वारा दो लक्षण अंकित किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर इनके सही नाम लिखिए। इसी मानचित्र पर उचित चिह्नों/संकेतों के साथ ग, घ तथा ङ मदों को दिखाइए तथा नामांकित कीजिए– (1+1+1+1+1=5)

(क) वह स्थान जहाँ दिसंबर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था (ख) जलियाँवाला बाग कांड से संबंधित शहर

(ग) राउरकेला स्टील प्लांट (घ) जलियाँवाला बाग से सम्बन्धित शहर

(ङ) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में कांग्रेस अधिवेशन हुआ था।




❑ ❑ ❑ ❑

# मॉडल प्रश्न-पत्र 3

**विषय : सामाजिक विज्ञान**
**कक्षा : X**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** | **कुल अंक: 80**

**निर्देश:** इसके लिए मॉडल प्रश्न-पत्र-1 देखें।

1. विनिमय दर कौन-कौन से दो प्रकार की होती हैं? (1)

*अथवा*

ब्रिटेन में सबसे पहले कौन-सा उद्योग फला-फूला?

*अथवा*

सत्रहवीं शताब्दी में बंबई कितने टापुओं का समूह था?

2. चूना-पत्थर किस उद्योग का आधारभूत कच्चा माल है? (1)
3. सिंहली भाषा के श्रीलंका की राज्य भाषा कब बनाया गया? (1)
4. औसत आय को परिभाषित करें। (1)
5. उपभोक्ता संरक्षण में क्या आता है? (1)
6. औसत आय को परिभाषित करें। (1)
7. सकल घरेलू उत्पाद क्या होता है? (1)
8. साइमन कमीशन (Simmon Commission) कब और क्यों भारत आया? (3)
9. ज्युसेपे मेत्सिनी पर एक टिप्पणी लिखें। (3)

*अथवा*

उपनिवेशकारों के सभ्यता मिशन का क्या अर्थ था?

10. लंदन को साफ़-सुथरा रखने के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए? कोई तीन लिखिए। (3)

*अथवा*

महामंदी के लिए उत्तरदाई तीन कारणों की व्याख्या करें।

*अथवा*

क्या वेतन में सुधार आने से मज़दूरों की दशा में सुधार आने का संकेत मिलता है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

11. भारत में दृश्य-संस्कृति का विकास किस प्रकार हुआ? इसका क्या महत्त्व था? (3)

*अथवा*

भारत में आधुनिक उपन्यास का विकास कैसे हुआ?

12. भारत में अधिकांश जूट मिले पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के तट पर क्यों स्थित है? (3)
13. परमाणु ऊर्जा क्या है? भारत में इसके विकास का वर्णन करें। (3)
14. कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चत करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का वर्णन करें। (3)
15. श्रीलंका में जातीय संरचना का उल्लेख करें। (3)
16. "अच्छा जीवन व्यतीत करने के लिए आज जो मनुष्य को वस्तुएँ तथा सेवाएँ चाहिए वे सभी मुद्रा के द्वारा नहीं खरीदी जा सकती।" तर्क देकर समझाए। (3)
17. श्रम कानूनों में लचीलापन कंपनियों को कैसे मदद करेगा? (3)
18. जोखिम वाली परिस्थितियों में ऋण कर्जदार के लिए और समस्याएँ खड़ी कर सकता है। स्पष्ट कीजिए। (3)
19. यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में भाषा के योगदान की चर्चा कीजिए। (5)

*अथवा*

फ्रांसीसियों ने मेकांग डेल्टा क्षेत्र में नहरें बनवाना और ज़मीनों को सुखाना क्यों शुरू किया?

20. जैव तथा अजैव संसाधन क्या होते हैं? कुछ उदाहरण दें। (5)
21. एंथ्रेसाइट तथा बिटुमिनस कोयले में अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)
22. 'जाति-प्रथा का प्रभाव कम हो रहा है, परंतु खत्म नहीं हुआ है।' टिप्पणी करें। (5)



Model Test Paper (1-3).pmd 6 5/8/2018, 5:55 PM


23. राजनीतिक दलों के सामने कौन-सी पाँच मुख्य चुनौतियाँ हैं? (5)

24. 'भारत का सेवा क्षेत्र दो विभिन्न प्रकार के लोगों को रोज़गार देता है।' क्या आप इस कथन से सहमत हो? यह कौन से दो प्रकार है उदाहरण सहित चर्चा करें। (5)

25. किसी दूर स्थान पर नौकरी को स्वीकार करने में पहले किन-किन बातों पर विचार करेंगे? कोई पाँच की सूची बनाए। (5)

26. भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर क, ख, ग, घ तथा ङ द्वारा लक्षण दिखाए गए हैं। दी गई जानकारी की सहायता से इनकी पहचान कीजिए तथा प्रत्येक के साथ दी गई रेखा पर इनके ठीक-ठीक नाम लिखिए। (1+1+1+1+1=5)

(क) यहाँ सूती कपड़ा मिल के श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ।
(ख) यहाँ सितंबर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।



(ग) एक आणविक ऊर्जा केन्द्र

(घ) उत्तर-दक्षिण गलियारे का उत्तरी सिरा

(ङ) एन.एच.-7 का एक उत्तरी नगर




❑ ❑ ❑ ❑

Model Test Paper (1-3).pmd 8 5/8/2018, 5:56 PM

# सी०बी०एस०ई० प्रश्न-पत्र-2018

**कक्षा : दसवीं**
**विषय : सामाजिक विज्ञान**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

***सामान्य निर्देश:***

(*i*) *इस प्रश्न-पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
(*ii*) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*
(*iii*) *प्रश्न संख्या 1 से 7 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*
(*iv*) *प्रश्न संख्या 8 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*
(*v*) *प्रश्न संख्या 19 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*
(*vi*) *प्रश्न संख्या 26 मानचित्र से सम्बंधित है। इसके दो भाग हैं 26(A) और 26 (B)। 26(A) 2 अंक का इतिहास से तथा 26(B) 3 अंक का भूगोल से है। मानचित्र का प्रश्न पूर्ण होने पर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें।*
(*vii*) *पूर्ण प्रश्न-पत्र में विकल्प नहीं हैं। फिर भी कई प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। ऐसे सभी प्रश्नों में से प्रत्येक से आपको एक ही विकल्प हल करना है।*

**1.** 1885 में यूरोप के ताकतवर देशों की बर्लिन में बैठक क्यों हुई? 1

***अथवा***

सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दियों में यूरोपीय शहरों के सौदागर गाँवों की ओर रुख क्यों करने लगे थे?

***अथवा***

1887 में लिवरपूल के एक जलपोत मालिक चार्ल्स बूथ ने ईस्ट एंड (पूर्वी छोर) में लंदन के अल्पकुशल मजदूरों का पहला सामाजिक सर्वेक्षण क्यों किया?

**2.** 'रोमन कैथलिक चर्च' ने प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं पर पाबंदियाँ क्यों लगाईं? 1

***अथवा***

उपन्यास जनभाषा का उपयोग क्यों करते हैं?

**3.** उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए। 1

**4.** 'चुनौती कोई समस्या नहीं है, बल्कि उन्नति का अवसर है।' कथन का विश्लेषण कीजिए। 1

**5.** आय के अतिरिक्त विकास के किन्हीं दो लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए। ½ + ½ = 1

**6.** जब हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके वस्तुओं का उत्पादन करते हैं, तो इस प्रकार की गतिविधियाँ किस आर्थिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं? 1

**7.** साख (ऋण) के अनौपचारिक क्षेत्रक के कोई दो उदाहरण दीजिए। ½ + ½ = 1

**8.** 'रिन्डरपेस्ट' का 1890 के दशक में अफ्रीका के लोगों की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभावों का वर्णन कीजिए। 3 × 1 = 3



Question Paper Hindi_X (H) (Delhi)-2017.indd 1 5/8/2018 4:36:50 PM

***अथवा***

19वीं शताब्दी में भारतीय बुनकरों की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए।

***अथवा***

19वीं शताब्दी के दौरान लंदन को साफ-सुथरा करने के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का वर्णन कीजिए।

**9.** ''‘मुद्रण क्रांति’ ने सूचना और ज्ञान से उनके संबंधों को बदलकर लोगों की जिन्दगी बदल दी।'' कथन का विश्लेषण कीजिए। 3 × 1 = 3

***अथवा***

जेन ऑस्टिन और शारलॉट ब्रॉण्ट द्वारा क्रमश: लिखित ‘प्राइड एण्ड प्रेज्युडिस’ तथा ‘जेन आयर’ उपन्यासों की विषय-वस्तु में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**10.** भारत में उद्योगों की बढ़ती हुई संख्या के कारण अलवणीय जल संसाधनों पर दबाव किस प्रकार बढ़ रहा है? व्याख्या कीजिए। 3 × 1 = 3

**11.** ''सघन और सक्षम परिवहन का जाल स्थानीय और राष्ट्रीय विकास हेतु पूर्व-अपेक्षित है।'' कथन का विश्लेषण कीजिए। 3 × 1 = 3

**12.** तीसरे प्रकार की शासक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और शक्तिशाली बनाने के लिए 1992 में ‘भारतीय संविधान’ में किए गए संशोधन के किन्हीं तीन प्रावधानों का वर्णन कीजिए। 3 × 1 = 3

**13.** सामाजिक विभाजन की राजनीति के परिणामों को निर्धारित करने वाले तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। 3 × 1 = 3

**14.** ''धर्म-निरपेक्षता कुछ व्यक्तियों या पार्टियों की एक विचारधारा नहीं है, परंतु यह हमारे देश की नीवों में से एक है।'' कथन की परख कीजिए। 3 × 1 = 3

**15.** धारणीयता का मुद्दा विकास के लिए किस प्रकार महत्वपूर्ण है? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 3 × 1 = 3

**16.** संगठित और असंगठित क्षेत्र की सेवा शर्तों में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3 × 1 = 3

**17.** देश के विकास के लिए सस्ता और सामर्थ्य के अनुकूल कर्ज आवश्यक क्यों है? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। 3 × 1 = 3

**18.** बाजार में शोषण से बचाने के लिए उपभोक्ताओं में जागरूकता कैसे फैलाई जा सकती है? किन्हीं तीन तरीकों को स्पष्ट कीजिए। 3 × 1 = 3

**19.** यूरोप में 1871 के बाद बाल्कन क्षेत्र में बनी विस्फोटक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। 5 × 1 = 5

***अथवा***

वियतनाम में उपनिवेशवाद के विरुद्ध भावनाओं के विकास में विभिन्न धार्मिक समूहों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**20.** ‘असहयोग आंदोलन’ किस प्रकार शहरी मध्य वर्ग की हिस्सेदारी के साथ शहरों में शुरू हुआ? आर्थिक मोर्चे पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 2 + 3 = 5

***अथवा***

कांग्रेस, संगठन में महिलाओं को किसी भी महत्वपूर्ण पद पर जगह देने से क्यों हिचकिचाती रही? महिलाओं ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में किस प्रकार भाग लिया? स्पष्ट कीजिए।

**21.** ''1980 व 1990 के दशक में भारत सरकार ने कृषि सुधार के लिए अनेक संस्थागत तथा प्रौद्योगिकीय सुधारों की शुरुआत की।'' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 5 × 1 = 5

***अथवा***

भारत में प्रचलित 'गहन जीविका कृषि' और 'वाणिज्यिक कृषि' की तुलना कीजिए।

**22.** किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योगों के विकास से क्यों मापी जाती है? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। $5 \times 1 = 5$

**23.** लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के किन्हीं पाँच प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। $5 \times 1 = 5$

**24.** ''व्यक्ति की आजादी और गरिमा के मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी भी अन्य शासन प्रणाली से काफी आगे है।'' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। $5 \times 1 = 5$

***अथवा***

''लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शांति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए मददगार साबित होती है।'' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए।

**25.** विदेशी व्यापार किस प्रकार विभिन्न देशों के बाजारों का एकीकरण कर रहा है? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। $5 \times 1 = 5$

***अथवा***

हम अपने दैनिक जीवन में वैश्वीकरण के प्रभावों का किस प्रकार अनुभव करते हैं? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

**26.** (A) दो लक्षण *a* और *b* दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए: $2 \times 1 = 2$

(*a*) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(*b*) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने सूती मिल मजदूरों के पक्ष में सत्याग्रह किया।

(B) इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए: $3 \times 1 = 3$

(*i*) राजा साँसी– अंतर्राष्ट्रीय हवाई-पत्तन

(*ii*) भद्रावती– लोहा एवं इस्पात संयंत्र

(*iii*) पश्चिमी बंगाल का सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं: $5 \times 1 = 5$

(*i*) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह किया था।

(*ii*) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा था।

(*iii*) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राजा साँसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई-पत्तन स्थित है।

(*iv*) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सलेम लोहा एवं इस्पात संयंत्र स्थित है।

(*v*) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरोरा आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थित है।